उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के दूसरे संस्करण ने तोड़े रिकॉर्ड

ट्रेड शो से हिट हुआ ब्रांड यूपी, बढ़ीं उम्मीदें

शशांक मिश्र

ग्रेटर नोएडा। यूपी के शो विंडों में पांच दिन तक चले अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले ने यूपी के ब्रांड को नई पहचान दिलाई है। एक्सपो मार्ट में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण ने पुराने सभी रिकार्ड तोड़ते हुए 10 हजार करोड़ रुपये के कारोबार को परवान चढ़ाया है।

एक साल पहले हुए आयोजन की अपेक्षा दो गुनी हुई विजिटर्स की संख्या ने यूपी के उद्योग-व्यापार जगत की उम्मीद बढ़ा दी है। दुनिया भर के 70 से ज्यादा देशों की मौजूदगी ने वन डिस्ट्रिक्ट वन

फेयर में पहुंचे विदेशी खरीदार। अमर उजाला

प्रोडक्ट से लेकर बड़े उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दी है।

यूपी अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के दूसरे संस्करण में प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत के साथ ही खान-पान, वेशभूषा, पर्यटन और प्रमुख उत्पादों की झलक देखने को मिली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर वर्ष 2023 में शुरू हुए इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में एक साल बाद नया मुकाम हासिल किया है।

पिछले वर्ष में 55 देशों ने इसमें हिस्सेदारी की थी, जबकि इस बार 70 से ज्यादा देश यूपी की विरासत देखने पहुंचे। पिछले साल के तीन लाख विजिटर्स के आंकड़े को पार करते हुए पांच लाख से ज्यादा लोगों ने उत्पादों की जानकारी ली। इस बार स्टॉल की संख्या भी बढ़ी और 2500 से ज्यादा उद्यमी व व्यापारियों ने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई।